# कुमार रियल्टी ने 'मॅग्नासिटी' के दूसरे फेज का किया अनावरण

## रियल एस्टेट क्षेत्र में 60 वर्षों की सफल यात्रा पूरी

पुणे - पुणे के प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक कुमार रियल्टी ने कारोबार में 60 वर्ष पूरे करते हुए पुणे-सोलापुर महामार्ग पर मांजरी में विकसित की जा रही 140 एकड़ की अत्याधुनिक 'मॅग्नासिटी' टाउनशिप के दूसरे फेज का अनावरण किया। कुमार रियल्टी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनीष जैन ने बुधवार को शहर में आयोजित पत्रकार परिषद में यह घोषणा की। इस अवसर पर जैन परिवार की चौथी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करने वाली मैथिली जैन भी उपस्थित थीं।




'मॅग्नासिटी' के लोकेशन के बारे में मनीष जैन ने कहा कि पूर्वी पुणे में तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में मांजरी एक महत्वपूर्ण स्थान बनकर उभरा है। 'मॅग्नासिटी' को ईऑन आईटी पार्क, एसपी इन्फोसिटी और साइबरसिटी जैसे प्रमुख आईटी हब से बेहतर कनेक्टिविटी प्राप्त है। इसके अलावा प्रस्तावित पुरंदर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, रिंग रोड, मल्टी-मेट्रो कनेक्टिविटी और आगामी बुलेट ट्रेन कॉरिडोर से इस क्षेत्र के भविष्य के विकास को बड़ी गति मिलने की उम्मीद है। मॅग्नासिटी के दूसरे फेज में सेंट्रल ग्रीन्स और टाउनशिप की विभिन्न सुविधाओं के मनोरम एवं विहंगम दृश्य का अनुभव देने वाले घर उपलब्ध कराए जाएंगे। यहां 2 और 3 बीएचके फ्लैट के विकल्प लगभग 73 लाख से 1 करोड़ रुपये की कीमत श्रेणी में होंगे। कुमार रियल्टी के रियल एस्टेट क्षेत्र में 60 वर्ष पूरे होने के अवसर पर घर खरीदारों को 3 लाख रुपये तक का विशेष मूल्य लाभ भी दिया जा रहा है।140 एकड़ में फैली इस टाउनशिप में लगभग 22 से 25 प्रतिशत क्षेत्र हरियाली और सुशोभित खुली जगहों के लिए आरक्षित रखा जाएगा।